प्रदेश की सभी एयर-स्ट्रिप्स पर एटीएस और फायर-सिस्टम लगाए जाएंगे

चर्चा में क्यों?

17 जनवरी, 2023 को हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने चंडीगढ़ में 'डेवलपमैंट इंटीग्रेटिड एविएशन हब' की समीक्षा बैठक में बताया कि प्रदेश की सभी एयर-स्ट्रिप्स पर एटीएस (एयर ट्रैफिक कंट्रोल) और फायर-सिस्टम लगाया जाएगा।

प्रमुख बिंदु

- उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला जिनके पास नागरिक उड्डयन विभाग का प्रभार भी है, ने एयर-स्ट्रिप्स पर एटीएस (एयर ट्रैफिक कंट्रोल) और फायर-सिस्टम लगाने के अतिरिक्त हैंगर बनाये जाने के भी निर्देश दिये ताकि एयर स्ट्रिप्स पर प्लेन सुरक्षित खड़े हो सकें।
- दुष्यंत चौटाला ने बताया कि हिसार एयरपोर्ट के अंदर से होकर गुजरने वाली सड़क को बंद किया जाएगा, ताकि एयरपोर्ट की बाउंड्री-वॉल और पुराने रनवे को नए रनवे से जोड़ने के लिंकिंज-कार्य को अंजाम दिया जा सके। स्थानीय लोगों की मांग पर एयरपोर्ट के बाहर से वैकल्पिक रोड बना दिया गया है, ताकि लोगों को आने-जाने में सुविधा रहे।
- उन्होंने बताया कि 'डेवलेपमेंट इंटीग्रेटिड एविएशन हब' के कार्य में तेजी लाने के लिये जेई, एसडीओ समेत अन्य उच्चाधिकारियों की वहाँ स्थायी नियुक्ति की जा रही है, ताकि निर्धारित समय में काम को पूरा किया जा सके।
- इसके अलावा अतिरिक्त मुख्य सचिव के स्तर पर हर पखवाड़ा कार्य की प्रगति की समीक्षा की जाएगी, ताकि निर्धारित अवधि में कार्य संपन्न हो सके।
- उपमुख्यमंत्री ने नागरिक उड्डयन विभाग के अन्य प्रोजेक्ट्स की समीक्षा के बारे में बताया कि प्रदेश की करनाल की एयर-स्ट्रिप्स के वर्तमान 1000 मीटर के रनवे को 2000 मीटर तक बढ़ाने के लिये तकनीकी संभाव्यता जाँचने के निर्देश दिये गए हैं।
- इस एयर-स्ट्रिप्स पर लाइटें लगी हुई हैं, रनवे बढ़ाने पर दिल्ली की नाइट-लैंडिंग भी यहाँ पर हो सकेगी। करनाल में ही टर्मिनल-बिल्डिंग बनाने के लिये भी प्लानिंग की जा रही है।
- उन्होंने बताया कि भिवानी, महेंद्रगढ़, करनाल, पिंजौर आदि एयर-स्ट्रिप्स पर अतिरिक्त हैंगर लगाने के निर्देश दिये गए हैं, ताकि प्लेन सुरक्षित खड़े हो सकें।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/ats-and-fire-system-will-be-installed-on-all-the-air-strips-of-the-state